प्रवेश भवन
इलाहाबाद विश्वविद्यालय
प्रयागराज-211002

PRAVESH BHAWAN
UNIVERSITY OF ALLAHABAD
PRAYAGRAJ-211002

Date: 26/07/2023

प्रेस विज्ञप्ति (पीजी प्रवेश - 2023)

- शैक्षणिक सत्र 2023-2024 में प्रस्तावित सभी पीजी पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश समिति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा एक बैठक बुलाई गई थी। विज्ञान, विधि एवं वाणिज्य संकाय समन्वयकों की बैठक प्रातः 11:00 बजे से तथा कला एवं मानविकी संकाय के समन्वयकों की बैठक दोपहर 2:00 बजे से प्रवेश भवन, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में आयोजित की गई।
- विश्वविद्यालय ने पीजी पाठ्यक्रमों के लिए पूरी तरह से ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया अपनाई है जिससे छात्रों को लाभ होगा।
- उम्मीदवार सीधे www.ecounselling.in लिंक के माध्यम से या विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.allduniv.ac.in पर पीजी प्रवेश 2023 पर क्लिक करके पीजीएटी रोल नंबर को यूज़र आईडी और जन्म तारीख को पासवर्ड के रूप में उपयोग करके लॉग इन कर ऑनलाइन काउंसलिंग में भाग ले सकेंगे।
- उम्मीदवार केवल तभी पंजीकरण कर पाएंगे, जब पीजीएटी-2023 में प्राप्त उनके कुल अंक किसी विशेष पाठ्यक्रम के लिए विभाग द्वारा जारी मेरिट के भीतर हो। उम्मीदवारों को कट-ऑफ/मेरिट के लिए नियमित रूप से ई-काउंसलिंग वेबसाइट/विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाने का सुझाव दिया जाता है।
- जैसा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनिवार्य है, सभी आवेदकों के पास उनकी संबंधित अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) आईडी होनी चाहिए। आवेदक इस लघु वीडियो को www.youtube.com/watch?v=Gw3DUHaJg1c देख सकते हैं।
- प्रत्येक विभाग ने पीजी काउंसलिंग के लिए एक समन्वयक नामित किया है जो उम्मीदवारों द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों का सत्यापन कर सकेंगे। समन्वयक द्वारा सत्यापन के पश्चात ही, उम्मीदवार फीस जमा कर सकेंगे और किसी विशेष पाठ्यक्रम में अपनी सीट सुरक्षित कर सकेंगे।
- उम्मीदवारों को ई-काउंसलिंग पेज पर कई दस्तावेज जैसे 10वीं प्रमाणपत्र सह मार्कशीट, 10+2 प्रमाणपत्र सह मार्कशीट, स्नातक प्रमाणपत्र और मार्कशीट आदि अपलोड करने की आवश्यकता होगी।
- किसी विशेष सामाजिक वर्ग के तहत प्रवेश का दावा करने वाले उम्मीदवारों को केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपना नवीनतम जाति प्रमाण पत्र प्रदान करना होगा।
- ई-काउंसलिंग वेबसाइट पर डाउनलोड अंडरटेकिंग फॉर्म के तहत कई अंडरटेकिंग फॉर्म उपलब्ध हैं जैसे गैप ईयर के लिए अंडरटेकिंग, माता-पिता की अंडरटेकिंग, ट्रांसफर/माइग्रेशन सर्टिफिकेट के लिए अंडरटेकिंग इत्यादि फार्म डाउनलोड कर उसे भरकर अपलोड कर सकते हैं।

Jayanta Kumar Pati
26/07/2023

प्रो. जयंत कुमार पति
निदेशक, प्रवेश- 2023

निदेशक प्रवेश–2023
इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज
Director Admission-2023
University of Allahabad, Prayagraj